JAC

पृष्ठों की कुल संख्या : 12
Total No. of pages : 12

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद

HNA

# ANNUAL SECONDARY EXAMINATION, 2022

## ( TERM – I )

## ( MCQ Type )

## हिन्दी - ( ए ) / HINDI - ( A )

**समय :** 1 घंटा 30 मिनट
Time : 1 Hr. 30 Min.

**पूर्णांक** : 40
Full Marks : 40

**सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS :**

1. सावधानी पूर्वक सभी विवरण OMR Answer Sheet पर भरें।

   Carefully fill up the necessary particulars on the OMR Answer Sheet.

2. आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर करें ।

   Put your full signature on the OMR Answer Sheet in the space provided.

3. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं ।

   There are 40 Multiple Choice Questions in this Question Booklet.

4. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है ।

   **All** questions are compulsory. Each question carries 1 mark.

JAC

## खण्ड - क ( अपठित बोध )

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **1** से **5** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें :

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है । ऐसी जिन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ होती है । साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिन्ता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं ? जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है । अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना यह साधारण जीव का काम है । क्रान्ति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं ।

1. साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी क्या होती है ?

    (1) जीवन (2) जिन्दगी
    (3) जिन्दा (4) हिम्मत

2. जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली क्या होता है ?

    (1) ताकत (2) हिम्मत
    (3) जीवन (4) सिफत

3. किस मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह किसी के बारे में कोई चिन्ता नहीं करता ?

    (1) डरपोक (2) कायर
    (3) भीरु (4) साहसी

4. 'जनमत' शब्द कौन समास है ?

    (1) द्वन्द्व (2) अव्ययीभाव
    (3) तत्पुरुष (4) द्विगु

5. अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना यह कैसा जीव का काम है ?

    (1) साधारण (2) असाधारण
    (3) असामान्य (4) डरपोक

JAC

**निर्देश :** प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **6** से **10** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें :

हँस लो दो क्षण खुशी मिली
वरना जीवन-भर क्रन्दन है ।
किसका जीवन हँसी-खुशी में
इस दुनिया में रहकर बीता ?
सदा-सर्वदा संघर्षों को
इस दुनिया में किसने जीता ?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता-रोता चमन-चमन है ।
कितने रोज चमकते तारे
कितने रह-रह गिर जाते हैं ।
हँसता शशि भी छिप जाता है
जब सावन घन घिर आते हैं ।
उगता ढलता रहता सूरज
जिसका साक्षी नील गगन है ।
आसमान को छूने वाली,
वे ऊँची-ऊँची मीनारें ।
मिट्टी में मिल जाती हैं वे
छिन जाते हैं, सभी सहारे ।
दूर तलक धरती की गाथा
मौन मुखर कहता कण-कण है ।

6. हँस लो दो क्षण खुशी मिली वरना जीवन-भर क्या है ?
   (1) चन्दन
   (2) क्रन्दन
   (3) वन्दन
   (4) पलायन

7. दूर तलक किसकी गाथा है ?

(1) आकाश (2) सागर

(3) झरना (4) धरती

8. 'नील गगन' का एक शब्द क्या होगा ?

(1) पीताम्बर (2) नीलाम्बर

(3) दिगम्बर (4) श्वेताम्बर

9. खिलता फूल क्या हो जाता है ?

(1) म्लान (2) अम्लान

(3) ग्लानि (4) इनमें से कोई नहीं

10. जब सावन घन घिर जाते हैं तब कौन छिप जाता है ?

(1) काशी (2) शशि

(3) राशि (4) हँसी

## खण्ड - ख ( व्याकरण )

11. निम्न में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है ?

(1) बच्चा खेल रहा है (2) वह पुस्तक पढ़ रहा है

(3) पिताजी रेडियो सुन रहे हैं (4) माँ भोजन बना रही है

12. निम्न में से कौन-सा वाक्य सकर्मक क्रिया का उदाहरण है ?

(1) मैं खेल रहा हूँ (2) वह पढ़ रहा है

(3) वह रोटी खा रहा है (4) चिड़िया उड़ रही है

JAC

13. 'गुरु' का एक अर्थ होता है शिक्षक और दूसरा

(1) अध्यापक (2) आचार्य

(3) हल्का (4) भारी

14. निम्न में से कौन-सा 'श्वेत' का अनेकार्थी शब्द नहीं है ?

(1) श्याम (2) सफेद

(3) सफेदी (4) उजला

15. 'आजीवन' कौन समास है ?

(1) तत्पुरुष (2) अव्ययीभाव

(3) द्वन्द्व (4) बहुव्रीहि

16. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(1) तीन (2) चार

(3) दो (4) पाँच

17. 'मेरी इच्छा है कि मैं डॉक्टर बनूँ' – यह कौन वाक्य है ?

(1) सरल (2) संयुक्त

(3) उपवाक्य (4) मिश्र

18. 'पिताजी के द्वारा अखबार पढ़ा गया ।' यह कौन वाच्य है ?

(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य

(3) भाववाच्य (4) इनमें से कोई नहीं

19. 'विद्यालय घर के .............. है ।' सही अव्यय पद को चुनें ।

(1) निकट (2) दूर

(3) दूरी (4) सटा

20. वाच्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(1) तीन (2) चार

(3) पाँच (4) छह

## खण्ड - ग ( पाठ्यपुस्तक )

**निर्देश :** प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **21** से **24** तक के लिए सही उत्तर का चयन करें :

फसल क्या है ?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का !

21. उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन हैं ?

(1) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (2) नागार्जुन

(3) सूरदास (4) जयशंकर प्रसाद

22. फसल किसका जादू है ?

(1) हवाओं की थिरकन का (2) सूर्य की किरणों का

(3) नदियों के पानी का (4) मिट्टी के गुणधर्म का

23. फसल किसका गुणधर्म है ?

(1) हवा का (2) मिश्रित मिट्टी का

(3) जल का (4) सूर्यप्रकाश का

24. फसल किसका रूपांतर है ?

(1) किसान के हाथों का (2) नदियों के जल का

(3) सूरज की किरणों का (4) मिट्टी के गुणधर्म का

25. सूरदास की काव्यभाषा है

(1) अवधी (2) ब्रजभाषा

(3) खड़ी हिन्दी (4) पूर्वी हिन्दी

26. गोपियों ने किसे भाग्यवान कहा है ?

(1) उद्धव को (2) कृष्ण को

(3) कवि को (4) बलराम को



https://www.jharkhandboard.com

JAC

27. 'उत्साह' कविता में कवि ने किसे गरजने को कहा है ?

(1) आकाश को (2) बादल को

(3) आँधी को (4) सागर को

28. 'विकल विकल, उन्मन थे उन्मन' पंक्ति किस कविता की है ?

(1) उत्साह (2) पद

(3) फसल (4) अट नहीं रही है

**निर्देश :** प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **29** से **32** तक के लिए सही उत्तर का चयन करें ।

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा । मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए । एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था । तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं ! फेरी लगाता है ! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए । पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं ? क्या यही इसका वास्तविक नाम है ?

29. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

(1) स्वयं प्रकाश (2) रामवृक्ष बेनीपुरी

(3) यशपाल (4) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

30. हालदार साहब को क्या अच्छा नहीं लगा ?

(1) पानवाले का पान खाना

(2) पानवाले के द्वारा एक देशभक्त का मज़ाक उड़ाया जाना

(3) कैप्टन के द्वारा चश्मा पहनाना

(4) मूर्तिकार के द्वारा चश्मा नहीं बनाया जाना

31. बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी कौन था ?

(1) हालदार साहब (2) लेखक

(3) कैप्टन (4) पानवाला

32. कैप्टन क्या काम करता था ?

(1) फल बेचता था (2) सब्जी बेचता था

(3) कपड़ा बेचता था (4) चश्मा बेचता था

33. 'बालगोबिन भगत' किस प्रकार का पाठ है ?

(1) कहानी (2) रेखाचित्र

(3) निबंध (4) एकांकी

34. बालगोबिन भगत किस कद के आदमी थे ?

(1) नाटे (2) लम्बे

(3) ठिगने (4) मँझोले

JAC

35. बालगोबिन भगत 'साहब' किनको मानते थे ?

(1) कबीर को (2) तुलसी को

(3) सूरदास को (4) रैदास को

36. बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष किस दिन देखा गया ?

(1) जिस दिन उनका बेटा जन्म लिया

(2) जिस दिन उनके बेटा का ब्याह हुआ

(3) जिस दिन उनका बेटा गृहस्थ बना

(4) जिस दिन उनका बेटा मरा

**निर्देश :** प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **37** से **40** तक के लिए सही उत्तर का चयन करें ।

जब कभी मइयाँ हमें अचानक पकड़ पाती तब हमारे लाख छटपटाने पर भी एक चुल्लू कड़वा तेल हमारे सिर पर डाल ही देती थी । हम रोने लगते और बाबू जी उस पर बिगड़ खड़े होते, पर वह हमारे सिर में तेल बोथ-कर हमें उबटकर ही छोड़ती थी । फिर हमारी नाभी और लिलार में काजल की बिन्दी लगाकर चोटी गूँथती और उसमें फूलदार लट्टू बाँधकर रंगीन कुरता-टोपी पहना देती थी । हम खासे 'कन्हैया' बनकर बाबू जी की गोद में सिसकते-सिसकते बाहर आते थे ।

37. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

(1) शिवपूजन सहाय (2) कमलेश्वर

(3) शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र' (4) अज्ञेय

JAC

38. 'कड़वा तेल' किस तेल को कहते हैं ?

(1) करंज तेल (2) तीसी तेल

(3) नारियल तेल (4) सरसों तेल

39. लेखक की माँ काजल कहाँ लगाती थी ?

(1) नाभि और हथेली पर (2) नाभि और लिलार में

(3) नाभि और पैरों पर (4) नाभि और आँख में

40. लेखक किसकी गोद में सिसकते-सिसकते बाहर निकलते थे ?

(1) बाबूजी की गोद में (2) माँ की गोद में

(3) नौकर की गोद में (4) दादाजी की गोद में